भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**(विदेशी मुद्रा विभाग)**
**केंद्रीय कार्यालय**
**मुंबई-400 001**

**अधिसूचना सं. फेमा 14(आर)(1)/2025-आरबी**

10 फरवरी 2025

**विदेशी मुद्रा प्रबंध (प्राप्ति और भुगतान का तरीका) (संशोधन) विनियमावली, 2025**

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 (1999 का 42) की धारा 47 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक **विदेशी मुद्रा प्रबंध (प्राप्ति और भुगतान का तरीका) विनियमावली, 2023** (दिनांक 20 दिसंबर 2023 की अधिसूचना सं. फेमा 14(आर)/2023-आरबी) (जिसे इसके पश्चात 'मूल विनियमावली' कहा गया है) में निम्नानुसार संशोधन करता है, अर्थात्:-

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:**

i. यह विनियमावली विदेशी मुद्रा प्रबंध (प्राप्ति और भुगतान का तरीका) (संशोधन) विनियमावली, 2025 कहलाएगी।
ii. यह सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से लागू होगी।

**2. विनियम 3 में संशोधन:**

मूल विनियमावली में, विनियम 3 के उप-विनियम (2) के खंड (I) के उपखंड (क) के मद (ii) को, परंतुक सहित, निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्: -

"**(ii) नेपाल और भूटान को छोड़कर एसीयू के सदस्य देश -** एक भागीदार देश के क्षेत्र में निवासी से किसी अन्य भागीदार देश के क्षेत्र में निवासी को भुगतान के संबंध में एसीयू तंत्र के माध्यम से अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर प्राधिकृत व्यापारियों को जारी किए गए निदेशों के अनुसार। अन्य सभी लेन-देन के लिए, प्राप्ति और भुगतान नीचे (iii) में विनिर्दिष्ट तरीके से किया जाए।"

**(डॉ. आदित्य गेहा)**
**प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक**

---

**फुट नोट:** मूल विनियमावली को दिनांक 20 दिसंबर 2023 (21 दिसंबर 2023 को प्रकाशित) के सरकारी राजपत्र के भाग III, खण्ड 4 में अधिसूचना संख्या फेमा 14(आर)/2023-आरबी के माध्यम से प्रकाशित किया गया था।